प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 06.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. गृह मंत्री अमित शाह ने कहा मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त होगा देश, नक्सल विरोधी अभियान में सीआईएसएफ की भूमिका रही है अहम।
2. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का किया उद्घाटन, बताया– तकनीकी क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करने की क्षमता रखता है भारत।
3. गोड्डा–महागामा नयी रेल लाइन निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी, 4 सौ अड़सठ करोड़ रुपये की परियोजना को 2027 तक पूरा करने का रखा गया है लक्ष्य।
4. रांची स्थित पासपोर्ट कार्यालय को मिली धमकी के बाद पुलिस और बम निरोधक दस्ता जांच में जुटा।

और

5. राज्य के कई जिलों में कल से हल्की बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने कुछ क्षेत्रों के लिए जारी किया येलो अलर्ट।

*****************

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ के बिना भारत का औद्योगिक विकास असंभव है। सीआईएसएफ के 57वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह बल देश भर में प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

*****************

रांची स्थित झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एडवांस्ड कंप्यूटिंग एंड एप्लीकेशन विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए इस सम्मेलन को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए श्री सेठ ने कहा कि भारत युवाओं का देश है और तकनीकी क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करने की क्षमता रखता है।

*****************

सिविल सेवा परीक्षा– सीएसई 2025 का अंतिम परिणाम आज घोषित कर दिया गया है। संघ लोक सेवा आयोग– यूपीएससी ने बताया कि 6 सौ उनसठ पुरुषों और 2 सौ निन्यानबे महिलाओं सहित कुल 9 सौ अंठावन उम्मीदवारों को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया गया है।

*****************

झारखंड के कई अभ्यर्थियों ने भी संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हासिल की है। दुमका की सुदीपा दत्ता ने 41वीं रैंक प्राप्त की है। लातेहार के बिपुल गुप्ता को 103वीं रैंक मिली है। वहीं साहिबगंज की निहारिका सिन्हा ने 365वीं और धनबाद की श्रुति मोदी ने 569वीं रैंक हासिल कर राज्य का नाम रोशन किया है।

*****************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज रांची में उन्नत आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सेठ ने कहा कि यह सुविधा रांचीवासियों के लिए काफी उपयोगी होगी। उन्होंने सुझाव दिया कि सदर अस्पतालों और रिम्स जैसे संस्थानों में भी आधार केंद्र खोले जाएं, ताकि नवजात बच्चों का आधार कार्ड वहीं बन सके।

*****************

पीरपैंती–देवघर जसीडीह नयी रेल परियोजना के तहत गोड्डा से महागामा के बीच बनने वाली नयी रेल लाइन के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। पूर्व रेलवे के निर्माण संगठन ने इस खंड के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी करते हुए लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस जारी कर दिया है। करीब 4 सौ अड़सठ करोड़ रुपये की इस परियोजना को लगभग एक वर्ष नौ महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सांसद डॉक्टर निशिकांत दुबे ने बताया कि रेल मंत्री के निर्देशानुसार इस परियोजना को वर्ष 2027 के अंत तक हर हाल में पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

*****************

दवा की सस्ती दुकानों यानी प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों को लेकर जन औषधि सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज कोडरमा के सदर अस्पताल से जागरूकता पदयात्रा निकाली गई। विधायक डॉक्टर नीरा यादव ने कहा कि जन औषधि केंद्र गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं।

*****************

झारखंड पुलिस अदालती सम्मन की प्रक्रिया को अब पूरी तरह हाईटेक बनाने जा रही है। नए आपराधिक कानूनों के प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए राज्य में अब 'ई–समन एप्लिकेशन' का उपयोग किया जाएगा। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय की ओर से राज्य के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

*****************

रांची के रातू रोड स्थित पासपोर्ट कार्यालय को अज्ञात अपराधियों ने ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी है। धमकी भरा मेल मिलने के बाद रांची पुलिस तुरंत सक्रिय हो गई। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस टीम और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचकर पूरे परिसर की सघन जांच कर रहा है। पुलिस उपाधीक्षक प्रकाश सोय ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर मॉल और पासपोर्ट कार्यालय के आसपास निगरानी बढ़ा दी गई है और मामले की जांच जारी है।

*****************

रांची के मोरहाबादी मैदान में कल से 20 मार्च तक आयोजित होने वाले स्टेट हैंडलूम एवं सरस मेला का उद्घाटन कल दोपहर तीन बजे श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव करेंगे। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह भी कार्यक्रम में शामिल होंगी।

*****************

भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री आवास के निर्माण को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुख्यमंत्री के लिए करीब एक सौ करोड़ रुपये की लागत से नया आवास बनाया जा रहा है।

*****************

धनबाद में 'रक्तदान महादान' की भावना को आगे बढ़ाते हुए सीआरपीएफ की 154वीं बटालियन ने अपने 87वें स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें कुल 35 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

*****************

मौसम विभाग ने कल से राज्य के विभिन्न जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताते हुए कुछ क्षेत्रों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला में हल्की बारिश हो सकती है। पिछले 24 घंटों में राज्य का अधिकतम तापमान सरायकेला में छत्तीस डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान खूंटी में पंद्रह दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

*******समाप्त*********